आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.10.2023 समय : 0705

<><><><><><><><>

- अंडमान निकोबार कमान के तेईसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल आई एन एस उत्क्रोश में परेड का आयोजन किया गया।
- कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि कमान की एकता ही इसकी ताकत है– बदलते युद्ध कौशल के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।
- द्वीपसमूह में फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के लिए विशेष सार संशोधन का कार्य किया जाएगा।
- सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्पयूट्रीकरण करने और उन्हें सशक्त बनाने का निर्णय लिया।
- आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों को लेकर ग्यारह अक्तूबर को पूजा समितियों की बैठक बुलाई गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के तेईसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल आई एन एस उत्क्रोश में परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडर– इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस परेड में सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक की टुकड़ियों के अलावा पाईप बैंड ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थिति को संबोधित करते हुए कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि द्वीपसमूह की सुरक्षा और राष्ट्र हितों की रक्षा में कमान की प्रमुख भूमिका है। समय के साथ कमान ने अपनी संचालन क्षमताओं में वृद्धि की है। हाल ही में रेट्रो फिट जेट्टी और एल आर एम आर हैंगर का उद्घाटन किया गया। आई एन एस उत्क्रोश और आई एन एस कोहासा में हवाई पट्टी की मरम्मत का कार्य पूरा होने से हवाई संचालन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार मे इक्कीस द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने में कमान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि कमान ने आठ सौ छत्तीस द्वीपों की निगरानी के पहले चरण को पूरा कर लिया है।

उन्होंने कहा कि कमान की ओर से समुदाय के साथ जुड़कर जन कल्याण के कई कार्य किए जा रहे है। इनमें सुदूर द्वीपों में चिकित्सा शिविर लगाना, अंगदान की मुहीम आदि शामिल है। कमान ने नौ गांवों को भी गोद लिया है। एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि बदलते वक्त के साथ युद्ध कौशल में भी बदलाव आ रहा है और हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमान की एकता ही इसकी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस एकीकृत कमान ने अपनी अलग–अलग इकाईयों के बीच समन्वय स्थापित कर देश में साझा सैन्य संचालन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि हम देश के रक्षक है और अपने मूल्यो तथा आदर्शों के साथ हमें समर्पित भाव से देश सेवा करते रहना है। हमारे आज के कार्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य को आकार देने का काम करेंगे। उन्होंने सैन्य कर्मियों को अपनी सेवा के प्रति उनके अनुशासन और प्रतिबद्धता की याद दिलाई। इस अवसर पर कमांडर–इन–चीफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाईयों को भी सम्मानित किया। कमांडर–इन–चीफ ने संकल्प स्मारक पर जाकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तेईसवें स्थापना दिवस के अवसर पर ब्रिजगंज सैन्य केन्द्र में स्थिति बेयोनेट स्क्वॉयर पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के लिए विशेष सार संशोधन का कार्य किया जाएगा। इस सिलसिलें में कल से लेकर छब्बीस अक्तूबर तक मतदाता सूची का मसौदा तैयार किया जाएगा। सत्ताईस अक्तूबर को तैयार किया गया मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित होगा और इस संबंध में नौ दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां स्वीकार किए जाएंगे। लोग मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियों को निर्धारित फॉर्म में भरकर अपने संबंधित बी एल ओ या अधिकारी के पास नौ दिसंबर तक जमा कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाईन ऐप के ज़रिए भी यह कार्य किया जा सकता है। छब्बीस दिसम्बर तक प्राप्त दावे और आपत्तियों का निदान किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर पांच जनवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस बीच विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><>

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों और एक हजार आठ सौ इक्यावन कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्पयूट्रीकरण करने तथा उन्हें और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। राष्टीय एकीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऐसा किया जाएगा। इस योजना पर कुल दो सौ पच्चीस करोड़ रूपए का खर्च आने का अनुमान है। एक केन्द्रीय

निगरानी इकाई की स्थापना की जाएगी। जो इस योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करेगी। इससे न केवल राज्यों के सहकारी विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसन होगी बल्कि इनके कामकाज में पारदर्शिता तथा एकरूपता आएगी।

<><><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों और इससे जुड़ी कानून व्यवस्था को लेकर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्यारह अक्तूबर को बैठक बुलाई गई है। इस सिलसिले में पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील की सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष या सचिवों को इस बैठक में शामिल होने को कहा गया है। बैठक ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में शाम पांच बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में आज से लेकर उन्नीस अक्तूबर तक कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट कोर्ट लगेगी। इस दौरान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुव्रा घोष और न्यायमूर्ति शुभेन्दु सामन्त बैठक कर मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

नौ और तेईस जुलाई को विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आयोजित हुई सामान्य मैट्रिक स्तरीय परीक्षा तथा उच्च माध्यमिक स्तरीय परीक्षा के संबंध में कार्मिक पोर्टल पर अपने दांवे और आपत्तियां जमा करने वाले सभी उम्मीदवारों को अपनी ई–मेल को देखने की सलाह दी गई है। उम्मीदवारों से मांगी गई जानकारी को स्कैन करके अट्ठारह अक्टूबर की मध्यरात्रि तक उप–सचिव भर्ती के मेल पर भेजने को कहा गया है। ऐसा न करने पर उनके द्वारा जमा किए गए दांवे और आपत्तियों को निरस्त कर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में गांधीनगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हाल ही में एक सौ चौंसठ इन्फेन्टरी बटालियन टी.ए बिहार सेना द्वारा चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की चिकित्सीय जांच की गई तथा औषधियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही हथियारों के सही इस्तेमाल और प्रयोग करने की विधि के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई। इस शिविर में कुल एक सौ दस लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के मात्स्यिकी क्षेत्र के अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति के वास्ते प्रस्ताव स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक फर्म छब्बीस अक्तूबर शाम तीन बजे तक जेम पोर्टल पर जाकर अपना प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज के बी ए एल एल बी पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श का पहला चरण तेरह अक्तूबर को कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। योग्य उम्मीदवारों की सूची कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर जारी कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने दस्तावेज़ों के साथ परामर्श में शामिल होने को कहा गया है। परामर्श सुबह दस बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

दिव्यांगजनों के लिए वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के वास्ते छात्रवृत्ति योजना के लिए पंजीकरण का कार्य शुरू होने के समाचार को – डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने में जगह दी है। पुलिस विभाग ने साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ सार्वजनिक सलाह जारी की है–द्वीप समाचार की खबर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कल खेले गए विश्वकप के मुकाबले में भारत की शानदार जीत के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है। इजरायल और हमास के बीच शुरू हुई जंग में दोनों ओर भारी तबाही से जुड़े समाचार को– इंफो इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है जबकि अंडमान निकोबार बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>